# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्याः–0612–2285262


संoसंo:–बिoविoमिo–स्थाo–(एकरारनामा विस्तार)–01/2026/1479 दिनांक 28/8/26

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित संविदा कर्मियों के साथ सम्पादित Terms of Assignment एवं HR Manual में वर्णित सुसंगत शर्त्तों के अनुरूप संबंधित सक्षम प्राधिकार से वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के विहित प्रपत्र में प्राप्त सकारात्मक अनुशंसा एवं बिहार विकास मिशन का आदेश संख्या–210, दिनांक–27.01.2026 के आलोक में एकरारनामा विस्तार की कार्रवाई की जानी है।

2. बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–1429, दिनांक–31.07.2026 द्वारा बिहार विकास मिशन में सभी पदों पर संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों की सेवा बिहार विकास मिशन की योजना अवधि तक/ सेवानिवृति की सामान्य आयु पूरा होने तक/ सेवा संतोषप्रद रहने तक, जो भी पहले हो तक विस्तारित करने की स्वीकृति कतिपय शर्तों के अन्तर्गत प्रदान की गयी है।

3. तदालोक में निम्न संविदा कर्मियों का उनके नाम के सम्मुख स्तंभ–08 में अंकित अवधि के लिए एकरारनामा विस्तार की स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

| क्र0 | नाम | पदनाम | पूर्व प्रतिनियुक्ति जिला का नाम | वर्तमान प्रतिनियुक्ति जिला का नाम | योगदान की तिथि | पूर्व के एकरारनामा समाप्ति की तिथि | एकरारनामा विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री दीपक कुमार गुप्ता | District PMU Lead | सिवान | गोपालगंज | 01.10.19 | 28.02.26 | दिनांक–01.03.2026 से संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर इनके हस्ताक्षर की तिथि तक अथवा अधिकतम दिनांक–31.12.26 तक, जो भी पहले हो। |
| 2. | श्री गौतम कुमार गोईत | DSC-Agri | सारण | वैशाली | 17.02.20 | 16.07.26 | दिनांक–17.07.2026 से संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर इनके हस्ताक्षर की तिथि तक अथवा अधिकतम दिनांक–31.12.26 तक, जो भी पहले हो। |
| 3. | श्रीमती शिल्पी रानी | DSC-Social | बक्सर | समस्तीपुर | 01.11.21 | 31.05.26 | दिनांक–01.06.2026 से संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर इनके हस्ताक्षर की तिथि तक अथवा अधिकतम दिनांक–31.12.26 तक, जो भी पहले हो। |

4. आदेश संख्या–1429, दिनांक–31.07.2026 की कंडिका–3 के आलोक में संविदा कर्मियों द्वारा संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर हस्ताक्षर किया जाना है। संविदा अवधि के विस्तार संबंधी उपर्युक्त आदेश संबंधित संविदा कर्मियों द्वारा संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होगा।

5. उक्त आदेश की कंडिका–2 में संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर हस्ताक्षर की तिथि के पश्चात् की अवधि में एकरारनामा की स्थिति एवं कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के मूल्यांकन के संबंध में दिशा–निर्देश संसूचित है, जो निम्नवत् है:–

"उपर्युक्त व्यवस्था के क्रम में संविदा कर्मियों की प्राप्त होने वाली वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन का मूल्यांकन किया जायेगा। कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रतिकूल प्राप्त

Scanned with OKEN Scanner

होने / नियंत्री पदाधिकारी द्वारा सेवा वापस किये जाने अथवा प्रतिकूल मंतव्य प्राप्त होने अथवा अन्य किसी प्रकार की प्रतिकूल सूचना प्राप्त होने की स्थिति में HR Manual के सुसंगत प्रावधानों के तहत् संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।''

6. उपर्युक्त के आलोक में नियोजित संविदा कर्मियों का एकरारनामा विस्तार बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–1429, दिनांक–31.07.2026 द्वारा निर्धारित अवधि के लिए (आवश्यक शर्त पूर्ण करने की स्थिति में) एवं बिहार विकास मिशन के HR Manual के अन्य सुसंगत प्रावधानों के अधीन होगा।

7. उपर्युक्त एकरारनामा विस्तार के पश्चात् संविदा कर्मियों द्वारा संशोधित एकरारनामा प्रारूप पर हस्ताक्षर की तिथि के पूर्व की अवधि का Terms of Assignment पूर्व में निर्धारित TOA प्रारूप पर एवं संशोधित एकरारनामा प्रारूप हस्ताक्षरित करते हुए दोनों की मूल प्रति कार्यालय आदेश संख्या–228, दिनांक–08.02.2024 द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराया जायेगा।

8. उपरोक्त पर सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

28-8-26
(रितेश रंजन)
अवर सचिव–HR (Management) & IT

ज्ञापांक– बि0वि0मि0–स्था0–(एकरारनामा विस्तार)–01 / 2026 1479 दिनांक 28/8/26
प्रतिलिपिः– सभी संबंधित जिला पदाधिकारी को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

28-8-26
अवर सचिव–HR (Management) & IT

ज्ञापांक– बि0वि0मि0–स्था0–(एकरारनामा विस्तार)–01 / 2026 1479 दिनांक 28/8/26
प्रतिलिपिः– सभी संबंधित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. निदेशित हैं कि दोनों Terms of Assignment पर हस्ताक्षर अंकित कर जिला योजना पदाधिकारी द्वारा सत्यापित कराते हुए अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से Terms of Assignment की मूल प्रति 10 (दस) दिनों के अन्दर बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

28-8-26
अवर सचिव–HR (Management) & IT

ज्ञापांक– बि0वि0मि0–स्था0–(एकरारनामा विस्तार)–01 / 2026 1479 दिनांक 28/8/26
प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) / श्रीमती रश्मि रंजन, मैनेजमेंट एसोसिएट / HR Manager, बिहार विकास मिशन को संबंधित पदा0 / नियोजित कर्मियों को ई–मेल करने हेतु प्रेषित।

28-8-26
अवर सचिव–HR (Management) & IT

4.05 P.M
28/8/26

Scanned with OKEN Scanner